बीमा निगम प्राधिकरणों द्वारा अपने-अपने कर्मचारियों के लिए सरकारी अस्पताल स्थापित किए गए हैं। स्टाफ के बारे में ब्यौरे उपलब्ध नहीं है।

(ग) गुजरात में केन्द्रीय सरकारी अस्पताल खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वैसे, केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का विस्तार अहमदाबाद शहर तक कर दिया गया है और इन लाभार्थियों के उपचार के लिए कई निजी अस्पतालों को भी मान्यता दी गई है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम हेतु गुजरात को प्रदत्त धनराशि

1796. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने केन्द्र द्वारा प्रायोजित परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत आवंटित निधियाँ अभी तक गुजरात को जारी नहीं की हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और ;

(ग) उक्त निधियों को जारी करने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार): (क) से (ग) वर्ष 1992-93 के दौरान केन्द्र प्रायोजित परिवार कल्याण कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए गुजरात सरकार को 3337.51 लाख रुपये की राशि पहले ही दी जा चुकी है जबकि उसके लिए 3336.66 लाख रुपये का आवंटन किया गया था। इसके अतिरिक्त पिछली बकाया राशि के रूप में 18.00 करोड़ रुपये की धनराशि भी प्रदान की गई है।

उत्तर प्रदेश में केन्द्र सरकार के अस्पताल

1797. **चौधरी हर मोहन सिंह** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में केन्द्र सरकार का कोई अस्पताल है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वहां कार्यरत चिकित्सीय और पराचिकित्सीय कर्मचारियों की संख्या कितनी-कितनी है; और

(ग) यदि भाग "क" का उत्तर "नहीं" है तो उत्तर प्रदेश में रहने वाले केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की चिकित्सा संबंधी कठिनाईयों को दूर करने हेतु उस राज्य में पर्याप्त संख्या चिकित्सीय और पराचिकित्सीय कर्मचारियों से युक्त केन्द्रीय सरकार के अस्पताल खोलने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवार) (क) और (ख) रेलवे, रक्षा और कर्मचारी राज्य-बीमा निगम प्राधिकरणों द्वारा अपने-अपने कर्मचारियों के लिए सरकारी अस्पताल स्थापित किए गए हैं। स्टाफ के बारे में ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं।

(ग) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का विस्तार इलाहाबाद, मेरठ, कानपुर, लखनऊ और गाजियाबाद के शहरों तक कर दिया गया है और लाभार्थियों को अनुमोदित निजी अस्पतालों की सेवाएं उपलब्ध हैं।

मेडिकल कालेजों में प्रवेश हेतु नामांकन

1798. **श्री मोहम्मद अफजल ऊर्फ मीर अफजल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991-92 और 1992-93 में मेडिकल कालेजों में एम० बी० बी० एस०, एम० डी०, बी० यू० एम० एस०, बी० आई